मेरी शेरों वाली माँ सदा मेरे साथ रहो

ना मांगू मैं कुछ और सदा मेरे साथ रहो
मेरी शेरोंवाली माँ सदा मेरे साथ रहो। -2

रिश्ते नाते हुए बेगाने सब ने दिया मुझे देखा
तुम ही मेरी सची सहाई तुम पे मुझे भरोसा।
जो मुश्किल में मैं गबराया तुमने साथ निभाया
मेरा मुझमे कुछ नहीं माँ
सभ तुमसे ही आया।
कर तेरा मेरा डयनं सदा मेरे साथ रहो।
ना मांगू मैं कुछ और सदा मेरे साथ रहो
मेरी शेरोंवाली माँ सदा मेरे साथ रहो।

तुम जो सर पर हाथ रखो तो संकट मिट जाता
मुश्किल को मैं देखके दाती कभी नहीं घबराता।
तुम से जुड़ा है मईया मेरा वंधन प्रीत का नाता
तेरे सिवा अब मुझे दातिए कुझ भी नहीं सुहाता ।
अब जाऊ मैं किस और फैसला तुम ही करो
ना मांगू मैं कुछ और सदा मेरे साथ रहो
मेरी शेरोंवाली माँ सदा मेरे साथ रहो।

ममता की मूरत माँ तुम हो अपनी शरण में रखना
चरण कमल से मईया मुझको दूर कभी ना करना।
तेरे आँचल की शया में मईया मेरा बसेरा
करुणा अपनी मुझपर मईया तुम बरसाते रहना
न तोडना प्रीत की डोर सदा तुम साथ रहो।
ना मांगू मैं कुछ और सदा मेरे साथ रहो
मेरी शेरोंवाली माँ सदा मेरे साथ रहो।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22713/title/meri-sheronwali-maa-sada-mere-saath-raho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |